दिन—गुरूवार दिनांक— 06 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. केंद्र में सरकार गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां हुई तेज। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की।

02. एनडीए के घटक दलों की कल होगी नई दिल्ली में बैठक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को औपचारिक रूप से चुना जायेगा एनडीए संसदीय दल का नेता।

03. जद यू ने कहा— पार्टी ने एनडीए सरकार में मंत्री पद को लेकर कोई शर्त नहीं रखी है। लोजपा, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने भी सरकार को बिना शर्त समर्थन की बात कही।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस से अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों मे बारिश का पूर्वानुमान जताया। दक्षिणी हिस्सों में धूलभरी आंधी चलने की आशंका।

———————————————————————

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन—एनडीए द्वारा नई सरकार के गठन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इस सिलसिले में आज भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। श्री नड्डा के आवास पर हुई इस बैठक में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल, प्रह्लाद जोशी, मनसुख मांडविया और अश्विनी वैष्णव समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में नई सरकार के गठन और मंत्रिमंडल के स्वरूप को लेकर विचार—विमर्श किया गया।

———————————————————————

एनडीए गठबंधन में शामिल दलों के संसदीय दल की कल नई दिल्ली में बैठक होगी। इस बैठक में भाजपा, टीडीपी, जदयू, लोक जनशक्ति पार्टी—रामविलास, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा, शिव सेना (शिंदे गुट), जनता दल सेक्युलर और अन्य सहयोगी दलों के नवनिर्वाचित सांसदों के शामिल होने की उम्मीद है। बैठक में औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना जायेगा।

————————————————————————————

जदयू संसदीय दल की भी कल नई दिल्ली में बैठक होगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने बताया कि इस बैठक में जदयू संसदीय दल के नेता के चुनाव के साथ ही नई सरकार के स्वरूप पर विचार–विमर्श किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी मजबूती से एनडीए के साथ खड़ी है।

———बाईट———

इधर, जदयू के कई नेताओं ने आज नई दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मुलाकात के दौरान नई सरकार के गठन को लेकर मुख्य रूप से विचार–विमर्श किया गया।

————————————————————————————

जद यू ने स्पष्ट किया है कि उसने नई एनडीए सरकार में मंत्री पद को लेकर कोई शर्त नहीं रखी है। पार्टी प्रवक्ता के.सी. त्यागी ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि पार्टी बिहार के लिए विशेष दर्जा चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह सरकार गठन के संबंध में एनडीए गठबंधन में सहयोगी दलों के साथ बातचीत कर रहे हैं।

———बाईट———

श्री त्यागी ने कहा कि नई सरकार को अग्निवीर योजना पर फिर से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि समान नागरिक संहिता को लेकर सभी पक्षों के साथ विचार–विमर्श किया जाना चाहिए।

———बाईट———

————————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि एनडीए सरकार में शामिल होने को लेकर पार्टी ने कोई शर्त नहीं रखी है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा है कि पार्टी ने मंत्री पद की भी मांग नहीं की है।

———बाईट———

————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में एनडीए ने पचहत्तर प्रतिशत सीटों पर जीत हासिल की है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि जिन सीटों पर एनडीए के उम्मीदवार चुनाव हारे हैं, उसकी समीक्षा की जायेगी। पत्रकारों के एक सवाल के जबाव में श्री चौधरी ने कहा कि एनडीए वर्ष दो हजार पच्चीस का बिहार विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष उन्नीस सौ छियानवे से ही नीतीश कुमार एनडीए का नेतृत्व कर रहे हैं।

———बाईट———

————————————————————————

नवनिर्वाचित सांसदों के दिल्ली पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। लोकसभा सचिवालय, 18वीं लोकसभा के सदस्यों का स्वागत करने के लिए तैयार है। एक विज्ञप्ति में सचिवालय ने कहा है कि सदस्यों के स्वागत और उनका सुचारू पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए अनेक कदम उठाये गए हैं। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

समय की बचत और पेपर रहित डिजिटल प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए नवनिर्वाचित सदस्यों का पंजीकरण ऑनलाइन इंटिग्रेटेड सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा। सचिवालय में नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए एस बी आई बैंक खाता खोलने, स्थाई पहचान पत्र और केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना कार्ड जारी करने के लिए विशेष प्रबंध किये गए हैं। 14 जून तक शनिवार और रविवार समेत प्रतिदिन सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी। हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर मार्ग दर्शक चौकियां बनाई गई हैं। इसके अलावा सदस्यों के अस्थाई रूप से रहने की व्यवस्था वैस्टर्न कोर्ट एनेक्सी, होस्टल, राज्य और केन्द्रशासित भवनों तथा अतिथि गृहों में की गई है। सॉफ्टवेयर आधारित कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था के माध्यम से इन्हें सदस्यों को उपलब्ध कराया जाएगा। अर्पिता की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रियंका अरोड़ा।

————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से पहले राष्ट्रपति भवन में कवरेज के लिए सेट–अप की समीक्षा की। इसमें सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू, प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक मौसमी चक्रवर्ती और दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

————————————————————————

चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता समाप्त हो गई है। आचार संहिता लागू होने के कारण रूके हुए काम अब फिर से शुरू हो जायेंगे।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि तेज हवा के कारण जानमाल की भी क्षति हुई है। पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली प्रखंड के हमीर खाँ टोला में पेड़ गिरने से दबकर एक महिला की मौत हो गई जबकि सात अन्य घायल हो गए। प्रखंड क्षेत्र में कई विशालकाय पेड़ गिर गए। वहीं, सीतामढ़ी जिले के बोखड़ा प्रखंड के बुधनगरा और महिसौथा पंचायत में आंधी तूफान के कारण कई कच्चे घर गिर गये। आम की फसल को भी नुकसान हुआ है। इधर, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि अगले चौबीस से अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में बारिश की संभावना बनी हुई है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चलने की संभावना है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में धूलभरी आंधी चलने का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि दस जून से तीस जून तक सभी विद्यालयों का संचालन सुबह साढ़े छह बजे से पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे तक होगा। शिक्षक और शिक्षकेतरकर्मियों को विद्यालय शुरू होने से दस मिनट पहले पहुंचना अनिवार्य होगा।

———————————————————————

उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाले राजेन्द्र पुल के सड़क मार्ग पर निर्माण कार्यों के चलते आज राज दस बजे से कल सुबह छह बजे तक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। निर्माण कंपनी ने बताया कि इस संबंध में पटना और बेगूसराय के जिला पदाधिकारी और रेलवे को जानकारी दे दी गई है।

---

प्रदेश के सभी जिलों के निजी विद्यालयों में अलाभकारी समूह और कमजोर वर्ग के छात्रों का नामांकन ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से एक जून से शुरू हो गया है। नामांकन सोलह जून तक चलेगा। प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्र ने बताया कि इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को आदेश निर्गत कर दिये गए हैं। उन्होंने बताया कि उन्नीस जून तक छात्रों को स्कूल का आवंटन कर दिया जायेगा। छात्रों का सत्यापन और विद्यालय में प्रवेश बीस से तीस जून के बीच होगा।

---

पटना लॉ कॉलेज परिसर में एक छात्र की हुई हत्या के मामले में पटना विश्वविद्यालय ने आरोपी छात्रों राहुल कुमार और प्रकृति आनन्द को निष्कासित कर दिया है। साथ ही दोनों आरोपी छात्रों के अंतिम परीक्षाफल के प्रकाशन पर भी रोक लगा दी गई है। इन दोनों ही छात्रों को पुलिस ने पिछले दिनों गिरफ्तार किया था।

---

गया के आमस थाना क्षेत्र के सिहुली गांव के पास एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराई। इस हादसे मे कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष आलोक कुमार भी शामिल हैं। दो अन्य मृतक औरंगाबाद के थे।

---

मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बखरी रोड में पुलिस ने लूटपाट करने वाले गिरोह के दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया दोनों अपराधी पुलिस को देखकर भागने लगे और फायरिंग की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों अपराधी को पैर में गोली लगी है। दोनों का इलाज एसकेएमसीएच में चल रहा है।

पटना के दीघा में अपराधियों ने भूमि विवाद में एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

रोहतास में जिला स्तरीय खरीफ महोत्सव कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विभाग के पटना प्रमंडल के संयुक्त निदेशक संतोष कुमार उत्तम ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

---

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज श्रद्धापूर्वक वट सावित्री पूजा की गई। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए वट वृक्ष की पूजा करती हैं।

---

01. केंद्र में सरकार गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां हुई तेज। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की।

02. एनडीए के घटक दलों की कल होगी नई दिल्ली में बैठक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को औपचारिक रूप से चुना जायेगा एनडीए संसदीय दल का नेता।

03. जद यू ने कहा– पार्टी ने एनडीए सरकार में मंत्री पद को लेकर कोई शर्त नहीं रखी है। लोजपा, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने भी सरकार को बिना शर्त समर्थन की बात कही।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस से अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों मे बारिश का पूर्वानुमान जताया। दक्षिणी हिस्सों में धूलभरी आंधी चलने की आशंका।

---

समाप्त हुआ।